1/n

<u>बिहार सरकार</u>
<u>ग्रामीण कार्य विभाग</u>

<u>सकारण आदेश</u>

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–152/2025 9299 /पटना, दिनांक– 29.8.25

दिनांक 11.04.2025 को अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में सम्पन्न तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही के अनुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के अवयव के रूप में ग्रामीण सड़क सुदृढीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत कार्य प्रमंडल, सीतामढ़ी के अधीन Package No. RRSMP/24-25 Sitamarhi/03 (Tender ID- 139491) के अन्तर्गत पथ की उन्नयन एवं Operation and Management हेतु दिनांक 26.03.2025 को प्राप्त निविदा में भाग लेने वाले निविदाकारो के तकनीकी बीड संबंधी कागजात की समीक्षा की गयी।

उक्त निविदा में Bapu Dham Construction, Prop, Bablu Kumar Add:- Ward No 6 Mathiya Bariyar Pur Panditpur, Pipra Factory East Champaran Bihar Pincode: 845429 द्वारा समर्पित समरूप कार्य का अनुभव से संबंधित कागजात सहीं नहीं पाये जाने के कारण CMBD कि कंडिका.– 4.7 (i) के आलोक में इन्हें तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित करते हुए विभागीय पत्रांक 2565 अनु0 दिनांक 08.07.2025 द्वारा बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) के तहत कार्रवाई किये जाने की अनुशंसा की गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 7878 अनु0 दिनांक 21.07.2025, 8848 दिनांक 14.08.2025 (प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से) एवं पत्रांक 8855 दिनांक 18.08.2025 द्वारा उक्त कृत्य हेतु संवेदक Bapu Dham Enterprises, Prop, Bablu Kumar से स्पष्टीकरण की माँग की गयी, परन्तु उक्त पत्र के आलोक में संवेदक द्वारा अपना कोई भी स्पष्टीकरण विभाग में समर्पित नहीं किया गया है। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

अतएव वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 के कंडिका–11 (क) उप कंडिका–(ix) एवं (ख) (ii) में निहित प्रावधानों के आलोक में निविदाकार/संवेदक Bapu Dham Construction, Prop, Bablu Kumar (Reg No. 1230300) Add:- Ward No 6 Mathiya Bariyar Pur Panditpur, Pipra Factory East Champaran Bihar Pincode: 845429 के निबंधन को अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (**Blacklisted**) किया जाता है।

(मो0 सुल्तान अहमद)
अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–152/2025 9299 /पटना, दिनांक– 29.8.25

प्रतिलिपि– Bapu Dham Construction, Prop, Bablu Kumar Add:- Ward No 6 Mathiya Bariyar Pur Panditpur, Pipra Factory East Champaran Bihar Pincode: 845429 को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–152 / 2025 9299 / पटना, दिनांक– 29.8.25

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/8/25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–152 / 2025 9299 / पटना, दिनांक– 29.8.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

29/8/25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–152 / 2025 9299 / पटना, दिनांक– 29.8.25

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/8/25

अभियंता प्रमुख